दि: 23.07.2021

बैठक प्रतिवेदन

दिनांक 23.7.21 को अपरान्ह 1.00 बजे महाविद्यालय विकास समिति की साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष डा० अनिता कोठारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे एवम् आमंत्रित सदस्य इस प्रकार हैं:-

अध्यक्ष - डा० अनिता कोठारी

सचिव - श्रीमती मधु खन्ना

कोषाध्यक्ष - डा० स्मृति जौहरी

आयुक्तालय - डा० रघुराज परिहार
प्रतिनिधि (College education)

सांसद - श्री ओम बिरला
विधायक - श्री शान्ति धारीवाल
जिला प्रमुख -
जिला कलक्टर प्रतिनिधि -
स्थानीय शिक्षा विद् - डा० निशी माथुर
स्थानीय शिक्षा विद् - डा० मन्जू मालव
प्रबुद्ध नागरिक - डा० आशुीष क्षेत्रपाल
प्रबुद्ध नागरिक - श्रीमती सोनिया राठौर
छात्रा प्रतिनिधि - सुश्री बरखा बिशनानी
अभिभावक - श्री अशोक कालरा
अभिभावक - श्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा
ट्रस्टी - श्री घनश्याम गुप्ता
श्री कृष्णावतार विजय

बैठक की कार्यवाही इस प्रकार रही:-

1. सर्वप्रथम नए सत्र के प्रथम बैठक के सुअवसर पर विकास समिति सदस्यों का सचिव द्वारा पुष्पों से स्वागत किया गया।

2. पूर्व में विकास समिति सचिव पद पर कार्यरत श्री सतीश सारस्वत जी का इटावा transfer होने के कारण भौतिक शास्त्र विभाग की वरिष्ठ सह आचार्य श्रीमती मधु खन्ना जी को सचिव पद पर नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष डॉ० स्मृति जौहरी द्वारा नवनियुक्त सचिव का पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया।

3. सचिव द्वारा पिछली बैठक का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसका अनुमोदन सभी सदस्यों की उपस्थिति में अध्यक्ष डॉ अनिता कोठारी द्वारा किया गया।

4. सचिव श्रीमती मधु खन्ना द्वारा महाविद्यालय में हुई चोरियों का विवरण प्रस्तुत किया गया व CCTV लगवाने की आवश्यकता बताई। आयुक्तालय प्रतिनिधि डा० रघुराज परिहार ने कहा कि परिसर की सुरक्षा हेतु CCTV Camera अति आवश्यक है। इनको इस प्रकार लगाया जाए कि ये छिपे हुए एवम् सुरक्षित रहें ताकि कोई इनको नुकसान न पहुँचने पाए। अन्य सदस्यों ने भी इस बात का समर्थन किया कि इन्हे अतिशीघ्र लगवाया जाए एवम् College का मुख्य द्वार coverage होवे जिससे की College में प्रवेश करने वाले एवम् बाहर जाने वालों की image Capture हो जावे।

5. कोषाध्यक्ष डा० स्मृति जौहरी ने प्रशासनिक भवन में अति आवश्यक कार्यों के दौरान बिजली अवरोध उत्पन्न होने के कारण अत्यावश्यक कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो जाता है इसलिये 2 Battery का inverter लगवाने की आवश्यकता बताई। विकास समिति के माननीय सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

6. महाविद्यालय मंत्रालयिक कर्मचारियों ने महाविद्यालय में कार्यरत लेखा लिपिक को विकास समिति के बिलों पर पास आर्डर लगाना, सूची बनाना, परीक्षा बिलों का भुगतान, नेफ्ट सूची आदि का कार्य करने के लिये 500/- प्रतिमाह पारिश्रमिक भुगतान करने का प्रस्ताव रखा। सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा डा० रघुराज परिहार ने कहा कि जो भी व्यक्ति (AAO या लेखा लिपिक) उक्त कार्य करेगा उसे ही भुगतान दिया जावे। शिक्षाविद् डा० मन्जू मालव ने भी कहा कि इस कार्य के लिये केवल एक व्यक्ति को ही भुगतान किया जाए। लेखाकार एवम् लेखा लिपिक आपस में समन्वय कर सारे कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न करें।

7. सचिव जी ने प्राणीशास्त्र विभाग के सामने खाली पड़े मैदान में बाग बगीचे के रखरखाव हेतु नल (पानी सप्लाई) की आवश्यकता बताई। डा० रघुराज परिहार ने कहा कि पास के ही नल या बोरिंग से पानी सप्लाई ली जाए जिससे की कार्य भी पूर्ण हो जाए व खर्चा भी अधिक ना हो।

8. सचिव श्रीमती मधु खन्ना ने बताया की Covid19 की स्थिति देखते हुए विकास समिति द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत संविदा कर्मियों को Lockdown अवधि का भुगतान कर दिया गया है जिसकी की समिति सदस्यों ने सराहना करी।

9. कोषाध्यक्ष डा० स्मृति जौहरी ने बताया कि प्राणिशास्त्र विभाग में प्रयोगशाला सहायक सेवानिवृत्त हो चुकी है व Laboratory के रख रखाव के लिये प्रयोगशाला सहायक की आवश्यकता है। डा० रघुराज परिहार ने कहा कि जब Covid guidelines के अनुसार सरकार द्वारा छात्रों को महाविद्यालय आने की अनुमति दी जाए तभी प्रयोगशाला सहायक रखा जाए जिसका की भुगतान विभाग में संचालित स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत संचालित M.Sc. Zoology के मद से किया जाए।

10. सचिव श्रीमती मधु खन्ना ने College में NAAC का संभावित निरिक्षण की पूर्व तैयारी के बारे में विस्तार से चर्चा करी। उन्होंने सदस्यों को बताया की NAAC का data संधारण व अन्य कार्य हेतु जॉब वर्क के आधार पर एक प्रशिक्षित Computer Operator निश्चित अवधि के लिये रखना आवश्यक है। सभी सदस्यों ने NAAC की महत्ता को देखते हुए प्राथमिकता से NAAC के सम्पूर्ण जॉब वर्क के आधार पर Computer Operator की सेवाएं लेने की अनुशंसा करी।

11. श्रीमती मधु खन्ना ने यह भी बताया कि NAAC

Accreditation हेतु कॉलेज website व College Logo भी बनवाना है। विकास समिति के सभी सदस्यों ने न्यूनतम खर्च में मितव्ययता के साथ उपरोक्त कार्य सम्पूर्ण करवाने की सहमति प्रकट करी।

12. सचिव श्रीमती मधु खन्ना ने महाविद्यालय में स्ववित्तपोषी योजना के अन्तर्गत संचालित M.Sc. Zoology विषय में प्रवेश हेतु अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होना बताया। छात्राओं का विषय के प्रति रूझान को देखते हुए उन्होंने कहा कि प्राणीशास्त्र स्नातकोत्तर विषय में वर्तमान में 20 सीटों पर प्रवेश दिया जाता है जिसको की बढ़ाकर 30 सीटें कर सकते हैं। ऐसा करने पर छात्राओं को M.Sc Special Paper में वर्तमान में चल रहे Forestry & Wild Life Management Special Paper के अतिरिक्त छात्राओं की रुचि के अनुसार अन्य कोई Special paper introduce कर दिया जाएगा जिससे की छात्राओं को 2 special paper में से कोई सा भी एक select करने की choice मिल सकेगी। इस प्रस्ताव पर शिक्षा डॉ० मन्जू मालव एवम् अन्य सदस्यों ने सहमति प्रकट करी। आयुक्तालय प्रतिनिधि डॉ० रघुराज परिहार ने कहा कि उक्त प्रस्ताव बनवाकर University of Kota को प्रेषित किया जाए व University से अनुमति प्राप्त होने पर ही सीटों की संख्या में अभिवृद्धि की जाए।
डॉ० परिहार ने यह सुझाव भी दिया कि महाविद्यालय में अन्य सभी विषयों में संचालित SFS Courses की पत्रावली बना सक्षम स्तर से SFS Courses को सरकारी सीटों में convert कराने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में पर्याप्त संसाधन हैं व faculty भी उपलब्ध हैं इसलिये छात्राओं के हित को देखते हुए इस सुझाव पर मंथन अवश्य करना चाहिये। इससे छात्राओं पर अनावश्यक आर्थिक भार नहीं पड़ेगा। उन्होंने इस प्रस्ताव के क्रियान्वन के लिये अपनी ओर से हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। सभी सदस्यों ने उनके इस आश्वासन पर प्रसन्नता प्रकट करी।

13. अध्यक्ष महोदय डॉ० अनिता कोठारी की अनुमति से बैठक में महाविद्यालय कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का मनोनयन किया गया जिसमें की समिति के सर्व नियुक्त सदस्य निम्न प्रकार रहे —

महाविद्यालय कार्यकारिणी समिति के सदस्य :

| | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | डॉ० अनिता कोठारी | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती मधु खन्ना | सचिव |
| 3. | डॉ० स्मृति जौहरी | कोषाध्यक्ष |
| 4. | डॉ० रघुराज परिहार | आयुक्तालय प्रतिनिधि कॉलेज शिक्षा |
| 5. | डॉ० मन्जू मालव | शिक्षाविद् |
| 6. | | प्रबुद्ध नागरिक |
| 7. | | जिला कलक्टर प्रतिनिधि |

अंत में बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को विकास समिति कोषाध्यक्ष डॉ० स्मृति जौहरी द्वारा आभार एवम् धन्यवाद प्रेषित किया गया।

कार्यों की आवश्यकता एवम् प्राथमिकता को देखते हुए उपरोक्त कार्यवाही के अनुमोदन से पूर्व लिये प्रस्तावों के क्रियान्वन की सभी सदस्यों ने अनुशंसा प्रदान करी।

अनुमोदित

अध्यक्ष
(डा० अनिता कोठारी)

कोषाध्यक्ष
(डा० स्मृति जौहरी)

सचिव
(श्रीमती मधु खन्ना)

## बैठक प्रतिवेदन

दिनांक 07.01.2022 को अपरान्ह 1.00 बजे प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय विकास समिति की साधारण बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित सदस्यों को आमंत्रित किया गया —

अध्यक्ष – प्राचार्य, डा० अनिता कोठारी
सचिव – डॉ० श्रीमती मधु खन्ना
कोषाध्यक्ष – डॉ. स्मृति जौहरी
आयुक्तालय प्रतिनिधि – डॉ० रघुराज परिहार

सांसद – श्री ओम् बिरला जी
विधायक – श्री शान्ति धारीवाल जी
जिला प्रमुख – श्री मुकेश मेघवाल जी
जिला कलक्टर प्रतिनिधि –
स्थानीय शिक्षाविद् – श्रीमती संध्या गुप्ता
स्थानीय शिक्षाविद् – डा० मंजू मालव
प्रबुद्ध नागरिक – श्री भरत सेन
प्रबुद्ध नागरिक – श्री अनिल गोचर
छात्र प्रतिनिधि – सुश्री बरखा बिशनानी
अभिभावक – श्री० अशोक कालरा
अभिभावक – श्री० रामेश्वर प्रसाद शर्मा
ट्रस्टी/डोनर – श्री० कृष्णावतार विजय

बैठक की कार्यवाही इस प्रकार रही :—

1. सर्वप्रथम सचिव श्रीमती मधु खन्ना द्वारा आमंत्रित अतिथियों का नव वर्ष के उपलक्ष में स्वागत किया गया एवम् शुभकामनायें प्रेषित की गई।

2. श्रीमती मधु खन्ना ने बताया कि पूर्व में नियुक्त